कोटद्वार, मंगलवार
11 नवम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 178 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त शिक्षिका से हुई 43 लाख की साइबर ठगी

रुद्रपुर। एक सेवानिवृत्त शिक्षिका से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 43 लाख रुपये की साइबर ठगी हो गई। ठग महिला ने खुद को एक फाइनेंशियल कंपनी की अधिकारी बताकर शिक्षिका को ऑनलाइन निवेश का लालच दिया था। पीड़िता की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पंतनगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रानीखेत जिला अल्मोड़ा निवासी 68 वर्षीय वृंदा पंत ने दी तहरीर में बताया कि 18 सितंबर को उनके मोबाइल पर आरोही नाम की महिला का व्हाट्सएप कॉल आया। उसने खुद को फाइनेंशियल वर्ल्ड के एनालिस्ट शिव सहगल की कंपनी नुवामा एज की अधिकारी बताया और ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी महिला ने पीड़िता को एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया, जिसमें अन्य सदस्य कथित निवेश और मुनाफे के स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे। ग्रुप की गतिविधियों से प्रभावित होकर पीड़िता ने निवेश करना शुरू किया। सात अक्तूबर से छह नवंबर के बीच कई बार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए और अलग–अलग खातों में कुल 43 लाख 70 हजार 970 रुपये स्थानांतरित किए। ठगों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि यह निवेश सुरक्षित है और जल्द ही दुगना मुनाफा मिलेगा। लेकिन जब उन्होंने मुनाफे की राशि निकालने का प्रयास किया तो संबंधित वेबसाइट और ग्रुप अचानक बंद हो गए। साइबर क्राइम थाना पंतनगर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रुद्रपुर से भटककर पांचवीं कक्षा के तीन छात्र पहुंचे दिल्ली

रुद्रपुर। रुद्रपुर से भटककर पांचवीं कक्षा के तीन छात्र दिल्ली पहुंच गए, जहां दिल्ली पुलिस ने उन्हें सुपुर्दगी में लेकर पूछताछ शुरू की है। बच्चों ने अपने नाम संदेश पुत्र रामभट्ट, राहुल पुत्र रामभट्ट और दीपेश पुत्र पुष्कर निवासी रुद्रपुर बताए हैं। तीनों ने स्वयं को रुद्रपुर स्थित बाल जागृति स्कूल का छात्र बताया, लेकिन जांच में ऐसा कोई विद्यालय शहर में संचालित नहीं पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीनों छात्र रुद्रपुर से बस में बैठकर हल्द्वानी पहुंचे और वहां से ट्रेन से दिल्ली चले गए। दिल्ली पुलिस ने इंटरनेट के माध्यम से ऊधमसिंह नगर के डीईओ का संपर्क नंबर खोजकर उनसे संपर्क किया। डीईओ मिश्रा ने बताया कि रुद्रपुर और आसपास के सभी स्कूलों में बच्चों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि उनके वास्तविक विद्यालय और परिजनों का पता लगाया जा सके।

### डंपर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

विकासनगर। विकासनगर क्षेत्र में जुड्डो के पास रविवार रात को एक डंपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा और पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। चौकी इंचार्ज डाकपत्थर संदीप पंवार ने बताया कि सूचना मिली कि जुड्डो के पास एक डंपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो डंपर सड़क किनारे पैराफिट पर तिरछा रुका हुआ था। डंपर के पास ही चालक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके सिर पर काफी चोटें आई हुई थी। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा और पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान सुंदर पुत्र लाल बहादुर, निवासी पुल नंबर एक विकासनगर के रूप में हुई। चौकी इंचार्ज संदीप पंवार ने बताया जानकारी करने पर पता चला कि डंपर सेलाकुई से टिहरी तारकोल लेकर गया था। जिसके बाद वह वापस विकासनगर लौट रहा था।

### किशोरी के साथ भीमताल में दुष्कर्म

हल्द्वानी। भीमताल क्षेत्र में शनिवार की रात नेपाल निवासी नाबालिग किशोरी के साथ एक बिहारी युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। बेटी के साथ दुष्कर्म होने पर परिजनों ने भीमताल थाने पहुंचकर भीमताल पुलिस को तहरीर देकर बिहार निवासी युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष संजीत राठौड़ ने बताया कि दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले रवि गिरी निवासी बिहार को गिरफ्तार किया गया।

# दिल्ली धमाके में 10 की मौत

## प्रधानमंत्री ने दु:ख जताया, घायलों से मिलने पहुंचे अस्पताल अमित शाह

नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम करीब सात बजे एक कार में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के साथ ही वहां खड़ी कई कारों में आग लग गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा–तफरी मच गई। इस विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि लगभग कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। एनआईए की टीम मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी गई है। धमाके के बाद दिल्ली–एनसीआर को अलर्ट पर रखा गया है।



**पीएम मोदी ने भी व्यक्त की संवेदनाएं**

पीएम मोदी ने कहा, आज शाम दिल्ली में हुए विस्फोट में अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों की सहायता अधिकारी कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह जी और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की।

**ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने भी जताया दुख**

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, 'लालकिले के पास हुए विस्फोट में इतने सारे अनमोल जीवन के नुकसान के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

**गृह मंत्री बोले– सभी संभावनाओं की करेंगे जांच**

आज शाम करीब 7 बजे, दिल्ली में लाल किले के पास सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई i20 कार में धमाका हुआ। इस विस्फोट में कुछ राहगीर घायल हुए और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोगों की जान चली गई है। विस्फोट की सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर, दिल्ली क्राइम ब्रांच और दिल्ली स्पेशल ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एनएसजी और एनआईए की टीमों ने एफएसएल के साथ मिलकर अब गहन जांच शुरू कर दी है।

आस–पास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच के आदेश दिए गए हैं। मैंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त और स्पेशल ब्रांच प्रभारी से भी बात की है। दिल्ली के पुलिस आयुक्त और स्पेशल ब्रांच प्रभारी मौके पर मौजूद हैं।

### धमाके से दहली दिल्ली, लाल किले के पास विस्फोट के बाद महाराष्ट्र में अलर्ट, मुंबई में सुरक्षा कड़ी

दिल्ली में लाल किले के नजदीक विस्फोट के बाद महाराष्ट्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। राजधानी मुंबई में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अभी तक मुंबई के लिए किसी विशेष खतरे की सूचना नहीं मिली है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि घटना की संवेदनशीलता और महानगर में आतंकी हमलों के इतिहास को देखते हुए एहतियाती कदम उठाना आवश्यक था। पुलिस ने बताया, "महाराष्ट्र में जिला स्तर पर सभी यूनिट कमांडरों और शहरों के आयुक्तों को किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।" मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार, सभी प्रमुख परिवहन केंद्रों, धार्मिक स्थलों, बाजारों और तटीय क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई है। क्विक रिस्पांस टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। सभी पांच क्षेत्रों में गश्ती इकाइयों को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

**खुफिया इकाइयों को दिया गया ये निर्देश**

खुफिया इकाइयों को ऑनलाइन चैट पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या संचार का सत्यापन करने के लिए कहा गया है। स्थानीय पुलिस थानों को होटलों, लाज और किराये के आवासों की औचक जांच करने और नए किरायेदारों व बाहरी आगंतुकों की पहचान सत्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पूरे शहर में नाकाबंदी**

तोड़फोड़–रोधी दस्तों और बम निरोधक टीमों को पूरे शहर में मुस्तैद रखा गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने पूरे शहर में कई जगहों पर नाकाबंदी कर दी। संवेदनशील और उच्च सुरक्षा वाले स्थानों पर तैनात अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# लालू परिवार के खिलाफ 'लैंड फॉर जॉब' केस में 4 दिसंबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली ,बिहार विधानसभा चुनावों के बीच लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों को बड़ी राहत मिली है। जमीन के बदले नौकरी (लैंड फॉर जॉब) से जुड़े सीबीआई मामले में लालू परिवार के खिलाफ बिहार चुनाव के नतीजों के बाद फैसला दिया जाएगा। इस मामले में लालू प्रसाद यादव और पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव व तेज प्रताप यादव, बेटी मीसा भारती व हेमा यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर सोमवार को फैसला आना था। हालांकि, सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 4 दिसंबर की तारीख तय की।



इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों समेत 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया है।

सीबीआई ने चार्जशीट में खुलासा किया कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। जमीन की खरीद के लिए ज्यादातर पैसों का लेनदेन कैश में हुआ। सीबीआई ने मामले में आईपीसी और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की कई धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। 'लैंड फॉर जॉब' घोटाला भ्रष्टाचार का मामला है, जिसमें आरोप है कि लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए कुछ लोगों को रेलवे में नौकरी देने के बदले उनसे सस्ती दर पर जमीन ली। 18 मई 2022 को दर्ज सीबीआई केस के अनुसार, 2004–2009 के बीच तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने रेलवे में सब्स्टीट्यूट की नियुक्ति के बदले अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन–जायदाद ट्रांसफर कराकर आर्थिक लाभ लिया। कई लोगों ने स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों के जरिए कथित तौर पर लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों और उनके करीबी लोगों की ओर से नियंत्रित कंपनी के पक्ष में अपनी जमीन बेची या उपहार में दे दी।

सीबीआई ने कहा था, जोनल रेलवे में सब्स्टीट्यूट की ऐसी नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या कोई सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी, फिर भी कुछ लोगों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर स्थित अलग–अलग जोनल रेलवे में सब्स्टीट्यूट के रूप में नियुक्त किया गया।

# मुख्यमंत्री ने किया 142.25 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, आंदोलनकारियों को किया सम्मानित



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तराखण्ड के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद की 142.25 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया, जिनमें 43.63 करोड़ की 27 विकास योजनाओं का लोकार्पण तथा 98.62 करोड़ रुपये की 33 विकास योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

**चौखुटिया, ज्योतिर्मठ और घनशाली जुड़ेगें उड़ान योजना से**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गैरसैंण एवं आसपास के क्षेत्रों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने के लिए मास्टर प्लान की डीपीआर तैयार कर कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने चौखुटिया, ज्योतिर्मठ और घनशाली को उड़ान योजना से जोड़ने की घोषणा की।

**मुख्यमंत्री ने किया सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। खेल, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी, आईआरबी, नागरिक पुलिस, होमगार्ड, महिला आरक्षी, नागरिक पुलिस/फायर सर्विस तथा एनसीसी महिला दस्ते ने 46वीं वाहिनी पीएसी के बैंड की धुन पर शानदार रैतिक परेड का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने रैतिक परेड का निरीक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखण्ड के रजत जयंती वर्ष के मुख्य कार्यक्रम में शिरकत कर राज्य का मान बढ़ाने का कार्य किया है।

इस दौरान उन्होंने राज्य को 8,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी है और राज्य के विकास के लिए लक्ष्य भी निर्धारित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उत्तराखण्ड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में तीर्थाटन विकास के लिए केदारखण्ड और मानसखण्ड में स्थित पौराणिक मंदिरों का पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी भावपूर्ण स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने हमें नया राज्य देने के साथ ही विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान कर राज्य को नई दिशा और मजबूती दी थी।

### घर में फंदे से लटका मिला शिक्षिका शव

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत मंडलसेरा जीतनगर में एक अतिथि शिक्षक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। उसका शव घर के अंदर ही पंखे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंडलसेरा जीतनगर निवासी 28 साल की हंसा पांडे पुत्री ख्याली दत्त पांडे का शव घर के अंदर पंखे पर लटका मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को नीचे उतारा। जिला अस्पताल के डॉक्टर सीएस भैसोड़ा ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका जीजीआईसी बागेश्वर में अतिथि शिक्षिका हैं। उसकी एक बहन और एक भाई है। पिता पूर्व सैनिक हैं। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारण का पता चल पाएगा।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला और युवक की मौत

ऋषिकेश। ऋषिकेश क्षेत्र में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। स्कूटी सवार महिला को आठ नवंबर को रोडवेज बस चालक ने टक्कर मारी थी। जबकि, बीती रविवार देर रात बाइक डिवाइडर से टकराने से युवक की मौत हो गई। ऋषिकेश कोतवाली पुलिस के मुताबिक, संदीप सिंह रावत निवासी ग्राम जयकोट, गजा, टिहरी ने शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि आठ नवंबर सुबह नौ बजे उनकी 34 वर्षीय बहन प्रभा पत्नी राजवीर गुसाईं निवासी गढ़ी मयचक, श्यामपुर स्कूटी से जौलीग्रांट के निजी अस्पताल में भर्ती सास को देखने के लिए जा रही थी। इसी बीच हरिद्वार बाईपास मार्ग पर खांड गांव के पास एक रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। जख्मी हालत में बहन को पहले ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति में उसे एम्स रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान बहन ने दम तोड़ दिया। श्यामपुर चौकी प्रभारी सुमित चौधरी ने बताया कि अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बस के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चालक की पहचान को प्रयास तेज कर दिए हैं। गुमानीवाला का निवासी था सूरजः संयुक्त यात्रा बस अड्डा मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें सवार युवक को गंभीर चोटें लगने के चलते उसकी मौत हो गई। सरकारी अस्पताल से शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक यह घटना रविवार देर रात करीब दो बजे की है। 22 वर्षीय सूरज नेगी निवासी रूषाफार्म, गुमानीवाला, ऋषिकेश यात्रा बस अड्डा मार्ग पर बाइक से जा रहा था।



# हवा में अटकी 170 यात्रियों की सांसें, मुंबई से कोलकाता जा रहे विमान का इंजन हुआ फेल

मुंबई ,1मुंबई से कोलकाता जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को रविवार देर रात तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। विमान के एक इंजन में गड़बड़ी आने के बाद, पायलट ने फुल इमरजेंसी घोषित की और विमान को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रात करीब 11:38 बजे सुरक्षित उतारा गया। उड़ान संख्या 670 में 170 से अधिक यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कोलकाता के लिए रवाना हुआ था और गंतव्य के करीब पहुंचने ही वाला था जब पायलट ने इंजन में खराबी महसूस की। तुरंत ही हवाई अड्डा प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इमरजेंसी घोषित करते हुए आपात लैंडिंग के लिए रनवे खाली कराया। हवाई अड्डे की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, जिसमें दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ शामिल थे, को रनवे पर तैनात किया गया था। विमान रात 11:27 बजे सुरक्षित उतर गया और 11:38 बजे आपात स्थिति हटा ली गई। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। इससे पहले भी सितंबर महीने में पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस लौटना पड़ा था। हालांकि उस स्थिति में आपातकालीन लैंडिंग नहीं कराई गई थी। हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया की एक फ्लाइट दुर्घटना के बाद से लगातार कई विमानों में तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं, जिससे हवाई सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस घटना के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंजन फेल होने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



### सरकार का बड़ा ऐलान, सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम् गाना होगा अनिवार्य

गोरखपुर , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आयोजित एकता पदयात्रा के दौरान घोषणा की कि उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम्' का गायन अनिवार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा, कोई मजहब राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकता। 'वंदे मातरम्' ने आजादी के आंदोलन में भारत की सोई हुई चेतना जगाई थी, आज उसका विरोध उचित नहीं।

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को निकाली गई एकता पदयात्रा में सीएम ने कहा कि राष्ट्रगीत का सम्मान सभी का कर्तव्य है। उनके अनुसार, जो व्यक्ति, मत या मजहब राष्ट्र के आड़े आता है, उसे समाज को बांटने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, मत या मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता। जो व्यक्ति आस्था या राष्ट्र के आड़े आए, उसे एक छोर पर रख देना चाहिए। कुछ लोगों के लिए आज भी उनका व्यक्तिगत मत और मजहब बड़ा है। सपा के एक सासंद द्वारा वंदे मातरम गाने से इनकार करने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोग जिन्ना को सम्मान देने के लिए होने वाले कार्यक्रम में तो शामिल होते हैं लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होते।

## यूपी पुलिस को बड़ी सफलता

# एनकाउंटर में मार गिराया 50,000 रुपए का इनामी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर

लखनऊ,उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के कपूरपुर इलाके में पुलिस मुठभेड़ में 50,000 रुपए का इनामी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर हसीन मारा गया। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब पुलिस ने इलाके में आपराधिक गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिलने के बाद रविवार देर रात चेकिंग अभियान के दौरान उसे रोका।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी कथित तौर पर गोकशी की योजना बना रहा था, तभी पुलिस टीम ने उसकी गाड़ी रोकने की कोशिश की। आत्मसमर्पण करने के बजाय, हसीन ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी गोलीबारी में आरोपी को गोली लग गई और बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल और एक कार बरामद की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, रविवार रात लगभग 12.30 बजे, हमें थाना कपूरपुर क्षेत्र में संदिग्धों के एक समूह की गतिविधि के बारे में सूचना मिली। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, कपूरपुर थाने के प्रभारी अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान की ओर बढ़े। जांच के दौरान, उन्हें एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार दिखाई दी और उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। कार सवारों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की, और पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया, मुठभेड़ में, एक हमलावर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे धुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में रामा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संभल जिले के अशमोली थाने के मनोटा गांव निवासी हसीन के रूप में हुई है।



# रक्षा क्षेत्र में आरएंडडी बढ़ाने की योजनाओं की वार्षिक समीक्षा करेंगे राजनाथ सिंह, निवेश दोगुना करने की योजना

नई दिल्ली ,देश में अगले पांच वर्षों में 32,766 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय के साथ अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) की गति को दोगुना करने का प्रस्ताव रखा गया है। पिछले 10 वर्षों में आरएंडडी में अधिकांश निवेश हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड जैसे पुराने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा किए गए है, लेकिन रिसर्च और डेवलपमेंट में तेजी लाने के लिए बाकी डीपीएसयू में भी काम चल रहा है। नई दिल्ली में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इन्हीं 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। इससे पहले राजनाथ सिंह ने 2025 को 'सुधारों का वर्ष घोषित किया था, जिसमें रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा नई तकनीक के विकास के महत्व, निर्यात एवं स्वदेशीकरण को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने डीपीएसयू से अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के लिए अपने निवेश और जनशक्ति बढ़ाने का आह्वान किया था।



रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को अपने प्रेस नोट में कहा, सभी डीपीएसयू ने अगले पांच वर्षों के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) का रोडमैप तैयार कर लिया है। पिछले 10 वर्षों में 16 डीपीएसयू द्वारा अनुसंधान एवं विकास में कुल 30,952 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

इसी प्रकार, अगले पांच वर्षों में, आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के बाद गठित सात नए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) आरएंडडी पर 3,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेंगे, जबकि रक्षा शिपयार्ड ने 1,300 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की योजना बनाई है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, इस इवेंट के दौरान, पिछले 10 वर्षों में किए गए आरएनडी प्रोजेक्ट्स का एक कम्पाइलेशन और अगले पांच साल का प्लान जारी किया जाएगा। इसके अलावा एचएएल का नया आरएनडी मैनुअल भी लॉन्च किया जाएगा, जो अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में लचीलापन, गति, जोखिम मूल्यांकन और आवंटन प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री अक्षय ऊर्जा पर 'स्वयंम्' शीर्षक से एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे।

### ठंड ने दस्तक दी, न्यूनतम पारा 11 डिग्री तक गिरने की संभावना

नोएडा ,। दिल्ली–एनसीआर में मौसम का रुख लगातार बदलता जा रहा है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में ही सर्दी ने अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सोमवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आने वाले दिनों में पारा और नीचे खिसकने की संभावना है। 11 नवंबर से 15 नवंबर तक न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुँच सकता है। अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान सुबह और देर रात घना कोहरा छाने की भी संभावना जताई गई है, जिससे सड़कों पर दृश्यता कम हो सकती है। दूसरी ओर, एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति खराब से बेहद खराब स्तर पर पहुंच चुकी है।

# बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती, गंभीर बताई जा रही हालत

मुंबई ,बॉलीवुड के चमकते सितारे धर्मेंद्र इन दिनों अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। वह मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। आईएएनएस के करीबी सूत्रों की मानें तो उनकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। यह खबर सुनकर उनके प्रशंसक और फिल्म जगत के लोग चिंतित हैं। सूत्रों की जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे, लेकिन कुछ जांचों और चिकित्सकों की सलाह के बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें लाइफ सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टर लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं और उनके इलाज के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। धर्मेंद्र की बारे में बात करें तो उनका नाम भारतीय सिनेमा में हमेशा एक चमकते सितारे के रूप में लिया जाता रहा है। छह दशक लंबे अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र ने 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने करियर की शुरुआत की थी।



## सम्पादकीय

### दिल्ली धमाका, साजिश या हादसा?

देश की राजधानी दिल्ली में हुए धमाके की गूंज पूरे देश में सुनाई दी गई है। हालांकि धमाके के पीछे कोई आतंकी साजिश है या फिर यह कार में किसी गड़बड़ी के चलते हुआ इसकी जांच की जा रही है। दुखद यह है कि इस धमाके में 10 लोगों की जान चली गई जो कि उस वक्त दिल्ली लाल किले के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में मौजूद थे। कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं जबकि कुछ अन्य गाड़ियां भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। दिल्ली में हुए इस धमाके ने देश में पूर्व में हुए बम धमाकों की यादें भी एक बार फिर से ताजा कर दी है। पिछले कई वर्षों से बम विस्फोट जैसी घटनाओं को देश की लोग भूलने लगे थे लेकिन इस धमाके ने सुरक्षा एजेंसीयों के कान खड़े कर दिए हैं। धमाके के बाद पूरे देश में अलर्ट बरता जा रहा है और उत्तराखंड में भी डीजीपी के निर्देशों के बाद सतर्कता बरती जा रही है। अभी विस्फोट के कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन जांच दलों में आतंकी हमले से गतिविधियों की जांच करने वाली खास एजेंसी भी शामिल है जो घटना स्थल की जांच में जुटी है। उधर इस धमाके के बाद राजनीति भी एकाएक गरमाने लगी है जिसे लेकर विपक्ष की ओर से सुरक्षा के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह से स्थिति की मांग की गई है। बता दें कि यह धमाका राजधानी दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुआ है जहां एक कार में भारी भीड़ के बीच जोरदार धमाका हुआ। निश्चित तौर पर इस धमाके से दिल्ली की राजनीति भी गरमाएगी तो वहीं एक लंबे समय से बम धमाके पर नियंत्रण करने वाली केंद्र सरकार के लिए भी यह प्रकरण एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आ सकता है। अभी इस मामले में विस्तृत जांच की प्रतीक्षा है और सुरक्षा टीम में हर उस पहलू तक पहुंचा का प्रयास करेगी जो इस धमाके से जुड़े हुए हैं। यहां इस बात पर भी खास ध्यान देना होगा कि इस धमाके से मात्र एक दिन पहले ही दिल्ली से सटे फरीदाबाद में भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद किया गया है। जैसे–जैसे जांच आगे बढ़ेगी धमाके की परतें भी सामने आएंगे और उम्मीद की जाती है कि यदि इस घटना में किसी भी प्रकार की आतंकी साजिश की संलिप्तता है तो भारत सरकार इस कांड में छिपे साजिशकर्ताओं को उचित सबक सिखाएगी, फिर वह चाहे पड़ोसी देश से ही संचालित क्यों ना हुआ हो।

# बिहार विधानसभा चुनावों में फ्रेंडली फाइट क्या है और क्यों हो रही है

**अजय दीक्षित**

कांग्रेस, राजद, वीआइपी और सीपीएम ने बिहार विधानसभा चुनावों में 11 स्थानों पर जैसे वैशाली, कहलगांव, शिवहर, चैनपुर तथा अन्य 7 पर आपस में महागठबंधन होते हुए उम्मीदवार उतार दिए हैं। और लड़ाई को फ्रेंडली फाइट नाम दिया है।इन विधानसभा चुनावों में एनडीए का उम्मीदवार अलग से है ही। बताया जाता है इन 11 स्थानों के अलावा राजद, कांग्रेस नेता एक दूसरे के खिलाफ खूब प्रचार कर रहे हैं और राहुल गांधी,राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। उल्लेखनीय हैं कि बिहार विधानसभा चुनावों में राजद 141, कांग्रेस 62, वीआईपी 12, सीपीएम 19 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। फ्रेंडली फाइट में 5 सीट पर राजद और कांग्रेस,चार सीट पर कांग्रेस और वीआईपी,दो सीट पर कांग्रेस और सीपीएम आमने सामने हैं। इस सर्कस को फ्रेंडली फाइट कहते हैं। बिहार के शिवहर से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि ये सब उनके प्रभाव वाले क्षेत्र मध्य बिहार में हो रहा है। पप्पू यादव ने कहा है कि उन्होंने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी से बातचीत की लेकिन किसी ने नहीं मानी और लिस्ट जारी कर दी। हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर ने बताया है कि महागठबंधन में

कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। जबकि सामने एनडीए जैसा प्रतिद्वंद्वी है जो व्यवस्थित चुनाव लड़ रहा है उन्होंने हम पार्टी के जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा को मना लिया और पत्ता नहीं खड़का, जेडीयू भी 101 पर राजी हो गया और भारतीय जनता पार्टी ने अधिक से कम सीट पर समझौता कर लिया।



**बिहार विधानसभा चुनावों में राजद 141, कांग्रेस 62, वीआईपी 12, सीपीएम 19 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। फ्रेंडली फाइट में 5 सीट पर राजद और कांग्रेस,चार सीट पर कांग्रेस और वीआईपी,दो सीट पर कांग्रेस और सीपीएम आमने सामने हैं। इस सर्कस को फ्रेंडली फाइट कहते हैं। बिहार के शिवहर से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि ये सब उनके प्रभाव वाले क्षेत्र मध्य बिहार में हो रहा है। पप्पू यादव ने कहा है कि उन्होंने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी से बातचीत की लेकिन किसी ने नहीं मानी और लिस्ट जारी कर दी। हिंदुस्तान के प्रधान संपादक शशि शेखर ने बताया है कि महागठबंधन मेंकुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। जबकि सामने एनडीए जैसा प्रतिद्वंद्वी है जो व्यवस्थित चुनाव लड़ रहा है उन्होंने हम पार्टी के जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा को मना लिया और पत्ता नहीं खड़का, जेडीयू भी 101 पर राजी हो गया और भारतीय जनता पार्टी ने अधिक से कम सीट पर समझौता कर लिया।**

ये फ्रेंडली फाइट शब्द डब्ल्यूडब्ल्यूएफ कुश्ती से आया है। जिसमें खली लड़ता था और राजनीति में बंगाल से आया जब 2021 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और तृणमूल में संघर्ष हुआ और कांग्रेस ने इतने वोट काटे कि दस सीट पर

भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की।दरअसल बिहार में कांग्रेस को राजद की वैशाखी की जरूरत है यह सिलसिला 1991 से चल रहा है। लेकिन अब तेजस्वी यादव इसे आधे अधूरे मन से चला रहे हैं। कांग्रेस 2020 के चुनावों में 70 सीट पर लड़ी थी और केबल 19 पर जीत हासिल हुई।जबकि राजद 125 पर लड़ा और 74 पर जीत हुई । तेजस्वी का मानना था कि कांग्रेस के कारण वे सत्ता में नहीं आ पाए

हालांकि नीतीश कुमार ने बीच में पलटा खा कर तेजस्वी यादव को उप मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया था लेकिन नीतीश कुमार अधिक समय तक उन्हें झेल नहीं सके तब नीतीश कुमार ने एक बार फिर पलटी मारी और 2024 के लोकसभा से पहले एनडीए में शामिल हो गए।

राजद और कांग्रेस का महागठबंधन भी कमजोर है 11 सीट पर फ्रेंडली फाइट हो रही है और इन सीटों पर महा गठबन्धन

गच्चा खा सकता है।2020 के चुनावों में 4०० हजार वोट के फर्क से एनडीए सत्ता में आ गया था।

## दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं

विशेषज्ञों को जरूर मालूम होगा कि कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में बादलों की कैसी मौजूदगी जरूरी होती है। इस ज्ञान का इस्तेमाल ना करने के कारण उन्होंने दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं बढ़ाईं और उन्हें पूरा करने में नाकाम रहे।

राष्ट्रीय राजधानी में क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश की नाकामी में कई सबक छिपे हैं। पहले तो इससे यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति जाहिर हुई है कि तकनीक संस्थान एवं विशेषज्ञ सरकारों की मंशा के मुताबिक चलने की ऐसी मानसिकता का शिकार हो गए हैं कि मानों उन्होंने स्वतंत्र राय देने से तौबा कर लिया है। वरना, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ बिना ठोस परिस्थितियों का आकलन किए ऐसे प्रयास में शामिल नहीं होते, जिसके नाकाम रहने से उनकी भी किरकिरी हुई है। विशेषज्ञों को यह जरूर मालूम होगा कि कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में बादलों की कैसी मौजूदगी जरूरी होती है।इस ज्ञान का इस्तेमाल ना करने के कारण उन्होंने दिल्लीवासियों की अपेक्षाएं बढ़ाईं और उन्हें पूरा करने में नाकाम रहे। वैसे इससे भी बड़ा मुद्दा है प्रदूषण की गंभीर समस्या के बीच दिल्ली सरकार का कृत्रिम वर्षा का 'इन्वेंटइ आयोजित करने का नजरिया। दिवाली के आसपास दिल्ली में घने स्मॉग का छाना जैसे एक मौसमी घटना बन गया है। ऐसा क्यों होता है, इस बारे में अनेक अध्ययन हुए, जिनसे अब काफी जानकारी उपलब्ध है। प्रदूषण के कारण व्यवस्थागत हैं। इनकी जड़ें परिवहन संबंधी सरकारी नीतियों और हरित तकनीक लागू करने को लेकर प्रशासनिक लापरवाही में हैं। इन कारणों से प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन लगातार होता रहता है। उनसे बनी सतह पर जब पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से आया धुआं और दिवाली पर पटाखों से निकले हानिकारक तत्व जा बैठते हैं, तो वातावरण पर स्मॉग छा जाता है।स्पष्टतः इस समस्या का फौरी हल तब नहीं हो सकता, जब यह गंभीर रूप में सामने आ जाती है। इसका समाधान नीतिगत बदलाव और निरंतर प्रयासों से ही संभव है। मगर ऐसा करने का मद्दा या नजरिया जब नहीं होता, तब दिखावटी उठाना ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। ऐसे ही कदम के तौर पर इस वर्ष कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश की गई। मगर उसकी नाकामी ने दूसरी गहराती समस्याओं को भी उजागर कर दिया है। जाहिर यह हुआ है कि देश में ज्ञान– विज्ञान विरोधी गहराते माहौल के बीच साधारण–से कार्यों को संपन्न करना भी दूभर हो गया है।

### गंभीर चिंता का पहलू

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेज कर कहा है कि वे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों को रिटायर्ड अग्निवीरों की भर्ती के लिए राजी करें। खासकर उन एजेंसियों को, जिनकी सेवाएं सरकारी विभाग, बैंक आदि लेते हैं।

नरेंद्र मोदी सरकार ने जब 'अग्निपथइ योजना लागू की, तभी ये चेतावनी दी गई थी कि इसके तहत भर्ती अग्निवीर जब रिटायर्ड होंगे, तो भारतीय समाज के लिए वे एक बड़ी चिंता का कारण बनेंगे। सरहदों की हिफाजत में युवा उम्र के चार साल गुजारने के बाद जब बाकी जिंदगी में उन्हें सचमुच के अग्निपथ से गुजरना होगा। अब ये आशंका सच होती दिख रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेज कर कहा है कि वे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों को रिटायर्ड अग्निवीरों की भर्ती के लिए राजी करें। खासकर उन एजेंसियों को, जिनकी सेवाएं सरकारी विभाग, बैंक आदि लेते हैं। इसके लिए प्राइवेट सिक्युरिटी एजेंसी रेगुलेशन ऐक्ट का सहारा लेने को कहा गया है। इस कानून में प्रावधान है कि प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियां सेना, पुलिस और सशस्त्र बलों से रिटायर्ड कर्मियों को भर्ती में तरजीह दे सकती हैं।

# भारत के लोगों में देश छोड़ने की बेचैनी

**अजीत द्विवेदी**

पहले कुछ आंकड़ों से ही बात शुरू करते हैं। ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट यानी ओईसीडी की ओर से सोमवार, तीन नवंबर को इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2025 जारी किया गया। इसके मुताबिक 2023 में सवा दो लाख भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता हासिल की। इस अवधि में पूरी दुनिया से करीब 28 लाख लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली है, जिसमें अकेले भारत से सवा दो लाख लोग हैं।भारत के बाद दूसरे स्थान पर फिलीपींस है, जिसके एक लाख 32 हजार लोगों ने 2023 में ओईसीडी देशों की नागरिकता हासिल की है। तीसरे स्थान पर चीन है, जिसके 96 हजार लोग इन देशों में बसे। भारतीय लोगों में ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता लेने का यह ट्रेंड ऐसा नहीं है कि एक साल का है। यह साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 2022 में दो लाख 15 हजार के करीब लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली थी और उससे पहले 2021 में दो लाख सात हजार के करीब लोग इन देशों में जाकर बसे थे।

ओईसीडी समूह में कुल 38 देश हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश शामिल हैं। इसमें उत्तरी अमेरिकी देशों के अलावा ज्यादातर यूरोपीय देश हैं। इन देशों की विशेषता यह है कि ये आर्थिक रूप से विकसित तो हैं ही साथ ही इन देशों में मानव जीवन के अनुकूल सबसे बेहतर स्थितियां हैं। हवा और पानी स्वच्छ है। खाने पीने की चीजें प्रदूषित नहीं हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बेहतर है। स्वास्थ्य व शिक्षा की विश्व स्तरीय व्यवस्था है और मानवाधिकारों के प्रति सजग दृष्टि है। तभी दुनिया भर के लोग इन देशों में बसना चाहते हैं। यह अलग बात है कि इन देशों के नागरिकों में बाहरी लोगों के प्रति नाराजगी बढ़ने लगी है और वे खुल कर विरोध करने लगे हैं। बहरहाल, भारत की नागरिकता छोड़ने वालों में सबसे ज्यादा 78 हजार से कुछ ज्यादा लोगों ने कनाडा में नागरिकता ली है, जबकि 52 हजार से कुछ ज्यादा लोग अमेरिका के नागरिक बने हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड का नंबर है।

इन आंकड़ों के बीच एक बड़ा दिलचस्प ट्रेंड यह दिख रहा है कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है और यह प्रचार शुरू हुआ है कि भारत विश्वगुरू बन रहा है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है उसके बाद लोगों के देश छोड़ने का चलन ज्यादा बढ़ा है। इसमें अचानक बहुत तेज बढ़ोतरी हुई है। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से एक साल पहले 2013 में सिर्फ 15,388 भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता ली थी। ध्यान रहे उस समय इन देशों की नागरिकता हासिल करना बहुत आसान था। इन देशों में नाममात्र के लिए भी भारत विरोध की भावना नहीं थी। इन देशों के नागरिक भारतीय लोगों का खुले दिल से स्वागत करते थे। फिर भी भारत की नागरिकता छोड़ कर इन देशों में जाने वालों की संख्या बहुत सीमित थी। अब इन देशों में खास कर शीर्ष चार देशों, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में भारत विरोधी भावनाएं बहुत बढ़ गई हैं। इन देशों के कई शहरों में भारतीय नागरिकों के ऊपर हमले हुए हैं और देश छोड़ कर जाने को कहा गया है। आए दिन भारत के लोग घृणा और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन देशों ने नागरिकता के नियम भी सख्त कर दिए हैं। फिर भी भारत छोड़ कर इन देशों की नागरिकता लेने की होड़ मची है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत से लोग किसी मानवीय संकट की वजह से इन देशों में नहीं जा रहे हैं। दुनिया के कई देशों खास कर मुस्लिम देशों से शरणार्थी मानवीय संकट के कारण इन देशों में जा रहे हैं। लेकिन भारत से जाने का ट्रेंड आउट ऑफ च्वाइस है। यानी लोग अपनी पसंद से इन देशों में जा रहे हैं। नागरिकता हासिल करने से पहले बड़ी संख्या में भारतीय लोग इन देशों में कामकाज के सिलसिले में जा रहे हैं। 2023 में करीब छह लाख भारतीय इन देशों में पेशेवर कारणों से गए। यह उससे पहले यानी 2022 के मुकाबले आठ फीसदी ज्यादा था। अगले दो साल यानी 2024 और 2025 के आंकड़े बाद में आएंगे। लेकिन जो ट्रेंड है उसके कमजोर होने के संकेत नहीं हैं, बल्कि तमाम विरोध और नफरत के बावजूद भारत के नागरिकों के इन देशों में जाने का सिलसिला तेज हुआ है।

सोचें, यह संख्या कानूनी रूप से इन देशों में जाकर नागरिकता लेने वालों की है या कानूनी रूप से वैध वीजा के साथ इन देशों में जाने वालों की है। इनके अलावा हजारों की संख्या में लोग हर साल अवैध रूप से इन देशों में घुसने का प्रयास करते हैं। यह भी हकीकत है कि भारत के लोग इन देशों में जाकर वहां की बुनियादी व्यवस्था में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ओईसीडी समूह के देशों में भारतीय डॉक्टर और नर्स सबसे बड़ी संख्या में हैं। ब्रिटेन के कुल विदेशी डॉक्टरों में भारत के डॉक्टरों का हिस्सा 23 फीसदी है। इसी तरह अमेरिका में यह हिस्सा आठ फीसदी है।

अब सवाल है कि भारत में ऐसा क्या बदल गया, जिसकी वजह से इतनी बड़ी संख्या में लोग दूसरे विकसित, सभ्य और लोकतांत्रिक देशों में बस रहे हैं या बसने के लिए परेशान हैं? यह बात तो समझ में आती है कि इन देशों में हालात बहुत बेहतर हैं। पिछले दिनों एक जानकार ने बताया कि दुबई जाकर सेटल होने के पीछे एकमात्र कारण सुरक्षा की भावना थी। भारत में कोई भी व्यक्ति अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकता है। लेकिन दुबई में हर छोटे, बड़े अपराध से सुरक्षा है।

## जूटोपिया 2 हिंदी का हिस्सा बनीं श्रद्धा कपूर, डिज्नी की जूडी हॉप्स को देंगी आवाज



श्रद्धा कपूर सच में बॉलीवुड की सबसे प्यारी और क्यूट एक्ट्रेसेस में से एक है. जहां उन्होंने हमेशा अपने अलग अंदाज से दर्शकों को मोहित किया है, अब वो अपनी आवाज से दिल जीतने वाली हैं, डिज्नी की जूटोपिया 2 के हिंदी वर्जन में जूडी हॉप्स के रूप में. अपनी आवाज के जरिए अपनी क्यूटनेस दिखाते हुए, वो बिना किसी शक सबसे अच्छी और सही चॉइस हैं जूडी का प्यारा किरदार निभाने के लिए.

जी हां, श्रद्धा कपूर ने आधिकारिक तौर पर जूटोपिया की दुनिया में कदम रखा है. वो अपनी आवाज देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, सुपर–क्यूट जूडी हॉप्स के लिए, और वाकई में ये एकदम सही चुनाव है. ये खबर बताते हुए, डिज़्नी इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पर जूटोपिया 2 का एक प्यारा पोस्टर शेयर किया, जिसमें श्रद्धा और जूडी नजर आ रही हैं.उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, मैं जूटोपिया परिवार में शामिल होने के लिए बहुत ज़्यादा एक्साइटेड हूं, हिंदी में द अमेजिंग जूडी हॉप्स को आवाज दूंगी, वह फाइस्टी, साहसी, एंथू कटलेट और क्यूट तो है ही बचपन से, कल आ रहा है आपके लिए एक अनोखा सरप्राइज, जुड़े रहें!!! 28 नवंबर से जूटोपिया – सिनेमाघरों में श्रद्धा को जूटोपिया की दुनिया में देखना वाकई सबसे बड़ा सरप्राइज है जिसकी हमने उम्मीद भी नहीं की थी. उनकी मीठी और क्यूट आवाज़ के साथ, जूडी और भी प्यारी और उत्साही लगेगी. जूडी की होशियार, बहादुर और जोशीली शख्सियत को देखते हुए, श्रद्धा उसके लिए बिल्कुल सही चॉइस हैं.

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका: ईडन गार्डन में दोनों टीमों का टेस्ट में कैसा रहा है प्रदर्शन?

कोलकाता,भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में मेजबान टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। बता दें कि भारतीय टीम 2019 के बाद इस मैदान पर कोई टेस्ट खेलती हुई नजर आएगी। आइए स्टेडियम में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं। भारत ने कोलकाता में अब तक कुल 42 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 13 में जीत दर्ज की है और 9 में हार का सामना किया है। इनके अलावा 20 टेस्ट भारत के ड्रॉ पर भी समाप्त हुए हैं। भारतीय टीम का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 657 (बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2001) रन रहा है। इसी मैदान पर न्यूनतम टीम स्कोर 90 रन (बनाम वेस्टइंडीज, 1983) रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने ईडन गार्डन ने अपना पहला टेस्ट मैच 1996 में खेला था। इस मैदान पर प्रोटियाज टीम ने कुल 3 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 1 में जीत दर्ज की है और 2 में हार का सामना किया है। दक्षिण अफ्रीकी टीम का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 428 रन और न्यूनतम स्कोर 222 रन है।

## एशेज सीरीज 2025—26 के दौरान ये प्रमुख रिकॉर्ड्स बना सकते हैं जो रूट

नईदिल्ली,एशेज सीरीज 2025–26 की शुरुआत 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले मुकाबले से हो जाएगी। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने 2010–11 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए एशेज सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में बेन स्टोक्स की कप्तानी में टीम इस बार नया इतिहास लिखना चाहेगी। इंग्लिश टीम से जो रूट के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। वह कुछ रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उन पर एक नजर डालते हैं। रूट ने अपने बेमिसाल अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक 376 मैचों की 493 पारियों में लगभग 50 की औसत के साथ 21,766 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 262 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 58 शतक और 114 अर्धशतक लगाए हैं। रूट आगामी सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने



22,000 रन पूरे कर सकते हैं। वह ऐसा कारनामा करने वाले इंग्लैंड के पहले और विश्व के कुल 9वें बल्लेबाज बन जाएंगे। रूट ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अब तक 34 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 65 पारियों में 40.46 की उम्दा औसत के साथ 2,428 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 4 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें 180 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। रूट एशेज सीरीज में 2,500 रन बनाने वाले कुल 12वें बल्लेबाज बन जाएंगे।

## अनुपम खेर का बड़ा धमाका, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में गूंजेगा तन्वी द ग्रेट का नाम



भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का 56वां संस्करण गोवा में 20 से 28 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा और इसमें 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी। फिल्म महोत्सव में दिखाई जाने वाली 240 से अधिक फिल्मों में से 13 फिल्में विश्व प्रीमियर, 5 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर और 44 एशियाई प्रीमियर फिल्में शामिल हैं। अब खबर है कि दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म तन्वी द ग्रेट की स्क्रीनिंग भी इस फिल्म महोत्सव में होने वाली है। खुद फिल्म के निर्देशक और अभिनेता अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी दी और इसे लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, शानदार खबर! हमें यह बताते हुए बेहद गर्व और खुशी हो रही है कि हमारी फिल्म तन्वी द ग्रेट को भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के 56वें संस्करण में इंडियन पैनोरमा श्रेणी में आधिकारिक रूप से चुना गया है।

## गुस्ताख इश्क को मिली नई रिलीज डेट

भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म गुस्ताख इश्क से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं।

गुस्ताख इश्क के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। पोस्ट में लिखा है अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है। गुस्ताख इश्क अब 28 नवंबर को रिलीज होगी।

## एशेज सीरीजः इन मुकाबलों में 10 या कम रनों से टीमों ने जीत दर्ज की

नईदिल्ली,इंग्लैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच ऐतिहासिक एशेज सीरीज इस बार 21 नवंबर से शुरू होगी। इस बार 5 मैचों की ये प्रतिष्ठित सीरीज ऑस्ट्रेलिया में खेली जानी है। एशेज सीरीज के इतिहास में अब तक एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच हुए हैं, जिसमें बल्ले और गेंद के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली है। इस बीच उन रोचक मुकाबलों की बात करते हैं, जिसमें 10 या कम रनों के अंतर से परिणाम निकले हैं। इंग्लैंड ने 2005 में बर्मिंघम टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 2 रन से हराया था। मैच में जीत के लिए मिले 282 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई पारी 279 रन पर आउट हुई थी। मैच की आखिरी पारी में माइकल



कास्प्रोविच 10वें विकेट के रूप में आउट हुए थे। स्टीवन हार्मिसन ने उनका विकेट लेते हुए जीत दिलाई थी। मैच में इंग्लैंड ने 407 और 182 रन जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 308 और 279 रन के स्कोर किए थे।1902 में मैनचेस्टर टेस्ट में विक्टर ट्रम्पर के शतक (104) की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 299 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 262 रन बनाए थे। दूसरी पारी में कंगारू टीम बिल लॉकवुड की उम्दा गेंदबाजी (5/28) के चलते 86 रन पर ढेर हुई थी। आखिर में जीत के लिए मिले 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश टीम 120 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया से ह्यूज ट्रम्बल ने कुल 10 विकेट लिए थे। 1982 में मेलबर्न टेस्ट में इंग्लैंड ने 3 रन से मुकाबला जीता था। मुकाबले में इंग्लैंड ने पहली पारी में 284 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 287 रन बनाए थे। दूसरी पारी में इंग्लिश टीम ने 294 रन बनाए थे। आखिर में जीत के लिए 292 रन का पीछा करते हुए कंगारू टीम 288 रन ही बना सकी थी। दिलचस्प रूप से एलन बॉर्डर और जेफ थॉम्पसन ने 10वें विकेट के लिए 70 रन जोड़े थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में चालक की मौत, घायल को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा

चमोली : सोमवार सुबह मींग गधेरा-हंसकोटी-खैनोली मोटर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जीप गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। राजस्व उपनिरीक्षक गड़कोट रोशन कुमार के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे मींग गधेरे से गड़कोट आ रही जीप गांव के पास लैलाछीना तोक में अनियंत्रित होकर करीब 250 मीटर नीचे जा गिरी। हादसे में चालक प्रकाश सिंह (35 वर्ष) पुत्र बलवीर सिंह, ग्राम गड़कोट की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सवार दर्शन सिंह (36 वर्ष) और उनके छोटे भाई विक्रम सिंह (26 वर्ष) पुत्र पुष्कर सिंह, ग्राम ग्वाड़, गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए विक्रम सिंह को सीएचसी थराली की टीम ने कुलसारी में प्राथमिक उपचार देने के बाद एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा। दर्शन सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद उपजिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग रेफर किया गया है। मृतक चालक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना से गड़कोट और आसपास के गांवों में शोक की लहर है। विधायक भूपालराम टम्टा और ब्लॉक प्रमुख गणेश चंदोला ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। (एजेंसी)

### घायल महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार

रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि क्षेत्र के बनियाड़ी गांव में बीते दिन घास काटते हुए भालू के हमले में घायल महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। हालांकि गांव में अभी भी दहशत बनी है। बनियाड़ी गांव के लोगों ने वन विभाग से शीघ्र भालू की दशहत से राहत दिलाने की मांग की है। बताते चलें कि बीते दिन अगस्त्यमुनि नगर क्षेत्र से लगे बनियाड़ी गांव में घास काटने गई 50 वर्षीय मीना देवी, पत्नी आनंद सिंह नेगी पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जबकि मीना देवी की मदद करने के लिए गई दूसरी महिला लक्ष्मी देवी पत्नी राजेंद्र सिंह भी बीच बचाव करते हुए घायल हो गई थी। किसी तरह दोनों महिलाओं ने बहादुरी दिखाते हुए अपनी जान बचाई। ग्रामीणों द्वारा दोनों महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका उपचार किया गया। सोमवार को दोनों महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार आया है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू की दशहत से निजात दिलाने की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र गोस्वामी व स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गांव में नियमित गश्त और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

### पीएम के बाद मृतकों के शव परिजनों को सौंपे

रुद्रप्रयाग : बीती रात केदारनाथ हाईवे पर भीरी बाजार के पास हुई वाहन दुर्घटना में दोनों मृतकों के शवों का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए। वहीं जिला चिकित्सालय में भर्ती चार घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उनके स्वास्थ्य में सुधार है। दुर्घटना के बाद पुलिस द्वारा दी गई सूचना के बाद रविवार को मृतक 29 वर्षीय विकास पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम किसरोता जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश एवं 45 वर्षीय शिशपाल निवासी निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश के परिजन जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां पंचनामा के बाद शवों का पोस्टमार्टम किया गया। बाद में दोनों शवों परिजनों को सौंप दिया गया। ऊखीमठ थाना प्रभारी मुकेश चौहान ने बताया कि दो घायलों को बीती शाम ही घर भेज दिया गया था, जबकि जिला चिकित्सालय में भर्ती चारों घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### एनडीआरएफ टीम ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

चमोली : अपग्रेडेड स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत सोमवार को पीएमश्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज ग्वालदम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 15वीं वाहिनी की टीम ने एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया। कमांडेंट सुदेश कुमार दराल के निर्देशन में इंस्पेक्टर पंकज कुमार एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न आपदाओं से निपटने के व्यावहारिक उपाय सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ की भूमिका और जिम्मेदारियों के साथ ही हृदयघात की स्थिति में सीपीआर देने, गला रुकने पर प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव नियंत्रण, आपात स्थिति में घायल व्यक्ति को सुरक्षित ले जाने, अस्थायी स्ट्रेचर बनाने, भूकंप, बाढ़ और अग्निकांड जैसी आपदाओं में अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

# खेल के क्षेत्र में देश व प्रदेश का नाम रोशन करें छात्र

### श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में शुरु हुआ खेल सप्ताह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय खेल सप्ताह प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

आयोजित खेल कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डीएस नेगी व उप प्रधानाचार्य तनुका राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। आज कई विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल में आगे बढ़कर अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत से उसे पाने



श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

में जुट जाना चाहिए। मेहनत करने वालों को एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त होती है। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ गतवर्ष के विजेता रमन हाउस के एथलीट ने मशाल लेकर क्रीड़ा क्षेत्र की परिक्रमा कर किया। अगले सात दिन तक विद्यार्थियों के लिए खो-खो, बैडमिंटन, जलेबी रेस, बैलून रेस, बास्केटबॉल, चेस, कैरम, रिले रेस सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस मौके पर शिक्षक पूनम बहुखंडी, संतोष पंत, ब्रिजेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

# शिविर में उमड़ी भीड़, छः सौ लोगों ने करवाई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत जयदेवपुर सिगड्डी में कुमाऊं सामाजिक सांस्कृतिक मैत्री समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छः सौ से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

शिविर में लायंस डिग्नटी क्लब, पुलकित मेमोरियल अस्पताल बिजनौर ने भी अपना सहयोग दिया। समिति के अध्यक्ष हुकम सिंह ने बताया कि शिविर में लालढांग से बड़ी संख्या में बुजुर्ग जन पहुंचे हुए थे। चिकित्सकों ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। कहा कि हमें खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही बच्चों को भी फास्टफूड से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। शिविर में



कोटद्वार के सिगड्डी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जांच करवाते लोग

स्त्री रोग, नेत्र रोग, दंत रोग व हड्डी से संबंधी मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर डा. सुधांशी, डा. कामिल, डा. इकबाल, डा. दिग्विजय, डा. मोहित शर्मा, गणेश सिंह, गणेश मणी त्रिपाठी, आनंद सिंह रौतेला, पुष्कर सिंह पंवार, पूरन सिंह, सुधीर पांडेय, कुबेर जलाल आदि मौजूद रहे।

# ग्रीन आर्मी देवभूमि ने चलाया स्वच्छता अभियान



कोटद्वार में स्वच्छता अभियान चलाते ग्रीन आर्मी देवभूमि के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राज्य स्थापना दिवस के मौके पर ग्रीन आर्मी देवभूमि की ओर से क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में सहयोग की अपील की गई।

संस्था की ओर से सिद्धबली पार्क सहित शहर के अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सदस्यों ने जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ भारत निर्माण में हम सभी को अपना सहयोग देना चाहिए। स्वच्छता ही सेवा के मूलमंत्र के साथ संस्था लगातार स्वच्छता अभियान चलाती रहती है। अभियान के दौरान लोगों से प्लास्टिक के कबाड़ को इधर-उधर न फेंकने की भी अपील की गई। कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण का मुख्य कारण है। जिसके कारण कई घातक बीमारियां हो सकती है। इस मौके संस्था के अध्यक्ष शिवम नेगी, उपाध्यक्ष शालिनी नेगी, कोषाध्यक्ष सौरभ धूलिया, सहसचिव शालिनी कुलाश्री, अभय जुयाल, सुशांत कोहली, दीपक मैंदोला, संदीप रावत, कुलवीर नेगी, सुमित नेगी, सतेंद्र गुसाईं आदि मौजूद रहे।

# दुगड्डा की बीडीसी बैठक में छाई रही मूलभूत समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : क्षेत्र पंचायत दुगड्डा की बैठक में पेयजल, विद्युत, बदहाल सड़क सहित अन्य मूलभूत समस्याएं छाई रही। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से गांव-गांव का निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

सोमवार को क्षेत्र पंचायत प्रमुख सूरज सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकांश जनप्रतिनिधियों ने वर्षाकाल के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की समस्या उठाई। कहा कि कई स्थानों पर सड़कें बदहाल होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही हर समय दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

कई गांव में हर घर जल योजना के तहत पेजयल लाइन बिछाने के बाद भी घरों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में संबंधित विभाग को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। बैठक में जंगली जानवरों की समस्या को भी उठाया गया।



बीडीसी बैठक में समस्याएं उठाते जनप्रतिनिधि

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गांव में जंगली जनवरों की धमक बढ़ने से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। दिन दोपहर ही गुलदार व भालू गांव के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा है। जंगली जानवरों से निजात के लिए वन विभाग को गांव में पिंजरे लगाने चाहिए। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी बीडी रतूडी व धर्मेंद्र चौहान ने किया। इस मौके पर ज्येष्ठ उपप्रमुख सुनील नेगी, कनिष्ठ उप प्रमुख आरती काला, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला बलूनी, सीमा भंडारी, चंडी प्रसाद कुकरेती, प्रीतपाल सिंह, सरदार सिंह, राजेश मोहन आदि मौजूद रहे।

# एलयूसीसी कंपनी के पीड़ितों ने दिया धरना



कोटद्वार तहसील परिसर में धरना देते एलयूसीसी पीड़ित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-आपरेटिब सोसाइटी (एलयूसीसी) के पीड़ितों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। पीड़ितों ने सरकार से जल्द से जल्द उनकी डूबी हुई रकम वापस दिलवाने की मांग उठाई।

सोमवार को एलयूसीसी पीड़ित तहसील परिसर में एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने शासन-प्रशासन व कंपनी के फरार संचालकों के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। कहा कि वे कंपनी में डूबी रकम वापसी के लिए विगत 126 दिन से तहसील में धरना दे रहे है, लेकिन शासन-प्रशासन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि कंपनी के संचालकों ने निवेशकों को धन दोगुना करने का लाचल दिया, जिससे बड़ी संख्या में लोंगों ने अपनी गाढ़ी कमाई को कंपनी में निवेश कर दिया है, लेकिन ऐन मौके पर कंपनी के संचालक आफिसों में ताला लगाकर फरार हो गए। कहा कि जिन लोगों ने उनके माध्यम से कंपनी में पैसा जमा करवाया था, अब वे लोग उन पर रकम वापसी का दबाव बना रहे है, जिससे उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से धोखाधड़ी करने वाले कंपनी संचालकों को गिरफ्तार कर डूबी रकम वापस दिलाने की मांग की है। इस मौके पर बिजेंद्र सिंह रावत, हरेंद्र सिंह रावत, संदीप सिंह,, राजेंद्र सिंह नेगी, सुरेश नेगी, सुनीता सजवाण, सुनीता देवी, बबीता रावत, इंदु कोटनाला मौजूद रहे।

### बेस अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : लगातार शिकायत के बाद भी राजकीय बेस चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने पर विश्व कल्याण सेवा संस्था ने नाराजगी व्यक्त की है। कहा कि प्रदेश सरकार को व्यवस्था में सुधार के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। अस्पताल में सीनियर सिटीजनों के साथ अधिकारी व कर्मचारी ठीक व्यवहार भी नहीं है। चिकित्सक मरीजों के पर्चे पर बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। इस संबंध में संस्था ने तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजा। संस्थान के मंत्री कमलेश चंद्र ने कहा कि वर्तमान में राजकीय बेस चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक नहीं है, चिकित्सकों की कमी से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश चिकित्सक अभी भी बाहर से दवाइयां लिख रहे है। जिससे गरीब लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहा कि सीनियर सिटीजनों के साथ भी अधिकारियों व कर्मचारियों का बर्ताव ठीक नहीं रहता है। ओपीडी में गंभीर बीमारी के सीनियर सिटीजनों को भी घंटो इंतजार करना पड़ता है, एसे में कई बार बुजुर्ग लोग बेहोश भी हो जाते है। कहा कि उन्होंने इस संबंध में विगत दिनों मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया था, लेकिन अभी तक चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने बेस चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जाने की मांग की है।

# छात्रों को बताए अग्नि सुरक्षा के उपाय



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर रेंजर एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्नि शमन विभाग से अरविन्द सिंह नेगी व मो. अरशद ने छात्र-छात्राओं को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके एवं अग्नि सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को आग बुझाने के प्राथमिक उपकरणों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी करवाया।

सोमवार को आयोतिजत प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्नि शमन अधिकारियों ने आग के प्रकारों और उन्हें बुझाने के तरीकों के बारे में बताया। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार अग्निशामक यंत्रों को उपयोग करवाना भी सिखाया। इस प्रशिक्षण में घरेलू उपयोग वाली वस्तुओं विशेष कर एलपीजी, विद्युत उपकरणों, अन्य सामान्य आग आदि को बुझाने के बारे में बताया गया। साथ ही आपात कालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव कार्य हेतु स्ट्रेचर व रोप नॉट बनाना भी सिखाया गया। इस अवसर पर अग्नि शमन विभाग से अरविन्द सिंह नेगी व मो. अरशद ने किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशामक विभाग का आपातकालीन नम्बर 112 के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों का कॉलेज में पहुंचकर जानकारी प्रदान करने के लिए फायर स्टेशन से आए कर्मचारियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आपातकालीन परिस्थितियों में सजगता और सतर्कता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा है और आगे भी इस तरह की गतिविधियां कॉलेज में होती रहेगी।

# स्मार्ट मीटर और महंगे बिलों के विरोध में किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बिजली के स्मार्ट मीटर और पानी के बढ़ते बिलों को लेकर सोमवार को नागरिक मंच पौड़ी के बैनर तले विभिन्न संगठनों के लोगों ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर वापस लो और पानी के बिलों में बढ़ोतरी बंद करो जैसी तख्तियां लेकर विरोध जताया। धरने के दौरान जोरदार नारेबाजी हुई और लोगों ने स्मार्ट मीटर योजना को तुरंत रद्द करने की मांग की। मंच के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत ने कहा कि जनता की परेशानियों पर सरकार मौन है, जिससे आम उपभोक्ता आर्थिक बोझ तले दबता जा रहा है। कहा कि नागरिक मंच अब बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जनसरोकारों के मुद्दों पर सड़क से लेकर शासन तक आवाज उठाएगा। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेश चंद्र नौडियाल ने कहा कि बिजली और पानी जैसे सार्वजनिक विभागों का निजीकरण चिंता का विषय है, इससे रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं और सेवाएं महंगी होती जा रही हैं।

# विधिक साक्षरता ही सशक्त समाज की आधारशिला : नाजशि कलीम

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आवास विकास मैदान, श्रीनगर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित आमजन को कानूनी जानकारी दी गयी। सचिव जिला विधिक प्राधिकरण ने कहा कि विधिक साक्षरता ही सशक्त समाज की आधारशिला है। कहा कि हर नागरिक को अपने विधिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि न्याय की पहुंच समाज के हर व्यक्ति तक सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता से ही समाज में समानता, न्याय और सशक्तिकरण की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की सचिव एवं सिविल न्यायाधीश नाजशि कलीम द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर नालसा थीम ह्लएक मुट्ठी आसमानह्न, ह्ललोकपालह्न लघु फिल्म, नशा मुक्ति संदेश, ह्लतुम गिरना मतह्न तथा ह्लनशामुक्त भारत हेतु जागरूकता एवं कल्याण अभियानह्न जैसी लघु फिल्मों के माध्यम से नशामुक्ति और न्यायिक जागरूकता का संदेश दिया गया। शिविर में उपस्थित आमजन को विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतों की भूमिका, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और श्रमिकों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर नगर निगम श्रीनगर के सहयोग से क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। प्रतिभागी विद्यालयों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेयर नगर निगम श्रीनगर आरती भंडारी, उपजिलाधिकारी नूपुर वर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश जोशी, उप विधिक सहायता प्रतिरक्षा अधिवक्ता महेश बलूनी, स्थायी अधिवक्ता कुसुम नेगी, प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र पूनम हटवाल, प्रियंका राय, प्रीति बिष्ट, रोशनी रतूड़ी, मानव सिंह बिष्ट, प्रकाश नेगी सहित अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# विद्यालय की व्यवस्थाओं में करें सुधार : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिलाधिकारी स्वाति एस भदोरिया ने प्रखंड जयहरीखाल के अंतर्गत स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए हैं। कहा कि हॉस्टल में रह रहे बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सोमवार को विद्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक हुई। अभिभावक संघ ने जिलाधिकारी के समक्ष विद्यालय हास्टल में पानी के लिए आरओ मशीन, बच्चों के लिए कपडे धोने के लिए वाशिंग मशीन सहित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किए जाने की मांग की है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी को



विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच पहुंची जिलाधिकारी

वर्षाकाल में पाइप लाइन टूटने पर पानी की समस्या व खेल मैदान की क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल की मरम्मत करने की मांग उठाई। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को एक माह के अंदर व्यवस्थाओं को ठीक करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कक्षा, कक्षा प्रयोगशाला, हास्टल व मैस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत कर 12वीं कक्षा के बच्चों से करियर के संबंध में पूछा। छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाने की इच्छा जताई। इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्राचार्य मंगल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्तवाल आदि मौजूद रहे।

### अभिनव राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

रुद्रप्रयाग : जनपद के अतुल माडल पब्लिक इंटर कालेज तिलवाडा के छात्र अभिनव तरवाडा का अंडर-14 राष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय के साथ ही जनपद का नाम रोशन किया है। अभिनव का चयन होने पर क्षेत्रीय लोगों के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने उक्त छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। जखोली ब्लाक के मेदनपुर भरदार क्षेत्र के निवासी रविन्द्र तरवाडा के पुत्र अभिनव की खेलों में बचपन से खासी रूचि थी। वह लगातार अन्य खेलों के साथ ही बैडमिंटन में अभ्यास करते थे। गत चार नवम्बर को हल्द्वानी में संपन्न हुई विद्यालयी राज्य स्तरीय अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता में अभिनव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी. जो) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.11.2025 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 3490/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा एनआईटी संख्या | 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./140-ए |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद लखनऊ खण्ड के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं. 51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में अप लाइन के कि.मी. 14/305.823 पर ब्रिज सं. 13 एवं सीतापुर सिटी के विद्युतिकरण हेतु 25 केवी बोल्ट, सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,82,17,550.11 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपये 2,41,100/- |
| 6 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 02.12.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 02.12.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 18.11.2025 से दिनांक 02.12.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा लें जिसके लिए उन्हें क्लास-III डिजिटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएगी। |

प्रपत्र सं. 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./140-ए दिनांक 10.11.2025 3484/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### कांस्टेबल के असामयिक निधन पर अल्मोड़ा पुलिस परिवार ने जताया शोक

अल्मोड़ा। जनपद अल्मोड़ा में तैनात कांस्टेबल विनोद डंडरियाल का 9 नवम्बर 2025 को अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे अल्मोड़ा पुलिस परिवार में शोक की लहर है। विनोद डंडरियाल निवासी शांति विहार, गली नंबर 3, आईटीआई टावर के निकट, रुद्रपुर (जनपद ऊधमसिंह नगर) थे। वर्ष 2006 में आरक्षी पद पर भर्ती होने के बाद से उन्होंने पुलिस विभाग में अपनी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं दीं। विभाग में उनके योगदान और कर्तव्यनिष्ठा को हमेशा याद किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा सहित संपूर्ण अल्मोड़ा पुलिस परिवार ने दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस अधिकारियों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

### नायल सपोली–भट्टीगांव सड़क का निर्माण कार्य शुरू

पिथौरागढ़। नायल सपोली–भट्टीगांव सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विधायक फकीर राम टम्टा ने पांच किमी लंबी इस सड़क का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क बनने से ग्रामीणों को अब पैदल आवाजाही नहीं करनी पड़ेगी। इधर ग्रामीणों ने कहा कि चौसाला, भट्टीगांव, लोदिया थल व भगवती मन्दिर आवजाही करने वाले श्रद्धालुओं को भी राहत पहुंचाएगी। यहां ग्राम प्रधान त्रिलोक सिंह पंचपाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य बसन्त लोहनी, ग्राम प्रधान सोनी रौतेला, नवीन कुमार, नरेंद्र सिंह, रमेश चन्द, अजीत सिंह मेहता, कुलदीप सिंह कार्की, ग्राम प्रधान त्रिलोक सिंह पंचपाल आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

पिथौरागढ़। महाविद्यालय बेरीनाग में उत्तराखंड रजत जयंती पर पोस्टर, स्लोगन व ऐपण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर बीएम पांडे के दिशा–निर्देश में किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में ममता बिष्ट ने प्रथम, दीपा मेहरा ने द्वितीय व बबीता जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में हिमांशी पाठक ने प्रथम, काजल बाफिला ने द्वितीय व शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऐपण प्रतियोगिता में निकिता मेहरा ने प्रथम, यामिनी ने द्वितीय, पूजा मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश



## सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम में जनसमस्याओं की सुनवाई और विकास कार्यों की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने विकासखण्ड जयहरीखाल के काण्डाखाल गांव में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर डीएम ने जनता की अन्य समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

सोमवार को सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत काण्डा मल्ला की सड़क समस्या पर लोनिवि लैंसडाउन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को सतपुली-काण्डाखाल-सिसल्डी ग्राम पंचायत मोटर मार्ग का संयुक्त रूप से सर्वेक्षण करने के निर्देश दिये। इसी दौरान काण्डा तल्ला की भूमा देवी ने अपने जीर्ण-शीर्ण आवासीय भवन की समस्या बताई, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को तत्काल निरीक्षण कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु प्रस्तावित सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गांव की महिलाओं से उनकी आजीविका को लेकर चर्चा की, जिसमें विभिन्न विकल्पों पर संवाद के दौरान महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण में रुचि दिखाई।

इस पर की जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को मनरेगा योजनाओं में प्रस्तावित करने हेतु ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर जिला पंचायतराज अधिकारी जितेन्द्र कुमार, खंड विकास अधिकारी जयहरीखाल रवि सैनी, ग्राम प्रधान संजू देवी, पूर्व प्रधान सुरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर

### जिलाधिकारी ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र काण्डाखाल का निरीक्षण किया। उन्होंने तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आरोग्य मंदिर में जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपचार संभव हो सके।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक परामर्श प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, अतः शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने हेतु व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाया जाए, ताकि कोई भी प्रसव असुरक्षित परिस्थितियों में न हो। जिलाधिकारी ने एएनएम को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं से संवाद बनाए रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन के मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।



# सड़कों की बदहाल हालत पर फूटा यूकेडी का गुस्सा

चमोली : चमोली के पोखरी में सड़कों की बदहाल स्थिति और नवनिर्माण कार्यों में हो रही देरी को लेकर सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने लोक निर्माण विभाग पोखरी कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के केंद्रीय महामंत्री वीरू सजवाण ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय पहाड़, जय पहाड़ी के नारों के साथ विभागीय लापरवाही के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सोमवार को वीरू सजवाण ने कहा कि पोखरी विकासखंड की अधिकांश सड़कें जर्जर हालत में हैं। पोखरी-गोपेश्वर मोटर मार्ग, जो जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, आए दिन टूट-फूट का शिकार हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत न होने से लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसका कारण केवल विभागीय उदासीनता है। सजवाण ने कहा कि पोखरी क्षेत्र में कई सड़कों की स्वीकृति के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया, जिससे ग्रामीण आज भी पैदल चलने को मजबूर हैं। यूकेडी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़कों का सुधारीकरण और नवनिर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो पार्टी उग्र आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी। यूकेडी के ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण नेगी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से क्षेत्र की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं।

### सांस्कृतिक कलाकारों ने प्रस्तुत की संस्कृति की झलक

चमोली : रविवार को ब्लॉक के नंदासैंण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ चार दिवसीय पर्यावरण संर्वधन पर्यटन एवं विकास मेले के दूसरे दिन पारंपरिक रीति–रिवाजों और क्षेत्रीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। वहीं, दौड़ प्रतियोगिता के 1600 मीटर में अनमोल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता में नन्दासैंण नैणी की टीम ने विजेता बनी। मुख्य अतिथि बदरीनाथ क्षेत्र के विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि मेलों का आयोजन न केवल सांस्कृतिक एकता को सशक्त बनाता है, बल्कि क्षेत्रीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय पर्यटन को भी नई दिशा देता है। मेलों को विकास संवाद का माध्यम बनाकर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर मिल सकें। कहा कि स्थायी राजधानी गैरसैंण बनना प्रदेश के संतुलित विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिन वीरों ने राज्य निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया उन्हें सदैव नमन करना हमारा कर्तव्य है।

# जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में गुबारा क्लीनिक शुरू

### गुबारा क्लीनिक में टाप-1 मधुमेह रोगियों को मिलेगा नि:शुल्क उपचार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जन्म से शुगर जैसी बीमारी से जूझने वाले टाइप-1 मधुमेह रोगियों को जनपद में निःशुल्क उपचार मिल पाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में टाइप-1 मधुमेह रोगियों के उपचार, देखभाल व निरंतर मॉनिटरिंग के लिए ह्वगुबाराह्व क्लीनिक की शुरुआत कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय में गुबारा क्लीनिक का शुभारंभ कर दिया गया है। बताया कि गुबारा क्लीनिक के माध्यम से जन्मजात व बचपन से मधुमेह रोग टाइप-1 से ग्रसित बच्चों व युवाओं को नियमित इंसुलिन मॉनिटरिंग, इंसुलिन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ गैर संचारी रोग व रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टाइप-1 रोगियों की जांच व मधुमेह मॉनिटरिंग किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक गुबारा क्लीनिक में 06 टाइप-1 मधुमेह रोगियों का पंजीकरण कर उन्हें मधुमेह मॉनिटरिंग किट भी वितरित कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि समस्त चिकित्सा इकाईयों में मधुमेह की जांच की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को मधुमेह जांच में टाइप-1 मधुमेह से ग्रसित रोगियों को जिला चिकित्सालय के कक्ष संख्या 04 में स्थापित गुबारा क्लीनिक में पंजीकरण हेतु रेफर करने के निर्देश दिये है।



# अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक कर करेंगे समस्याओं का निदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों का स्थलीय भ्रमण करेंगे। इस दौरान अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक करने के साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद माह नवंबर हेतु रोस्टर जारी कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि विभिन्न ग्राम पंचायतों हेतु कुल 15 टीमें गठित की गई हैं। तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम विकासखंडवार अलग-अलग ग्राम पंचायतों का स्थलीय भ्रमण करेंगी। उन्होंने बताया कि माह नवंबर हेतु जारी रोस्टर के अनुसार उप वन संरक्षक रजत सुमन, जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा तिलारा विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत बावई में स्थलीय भ्रमण करने के अलावा ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इसी तरह अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप निदेशक खान वीरेंद्र कुमार एवं जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ग्राम पंचायत नरकोटा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कुलवंत चौहान एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा ग्राम पंचायत नारी में स्थलीय भ्रमण करने के साथ-साथ ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएंगे। उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार एवं तहसीलदार बीएल शाह विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत धनकुराली में तथा उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, अधिशासी अभियंता लोनिवि ऊखीमठ आरपी नैथानी व तहसीलदार प्रदीप नेगी सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत विकास खंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत उनियाणा में जन संवाद कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे।

इस तरह विभिन्न ग्राम पंचायतों हेतु कुल 45 अधिकारियों की 15 टीमें गठित की गई हैं, जो अलग-अलग गांवों में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करेंगे।

### जन समस्याओं को गंभीरता से ले सभी अधिकारी, प्राथमिकता पर हो समाधान: डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने सोमवार को ऋषिपर्णी सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने निजी भूमि पर कब्जा, भूमि विवाद, घरेलू हिंसा, सिंचाई गूल, बाढ सुरक्षा, आर्थिक सहायता, दैवीय आपदा में क्षति, मुआवजा आदि से जुड़ी 184 समस्याएं रखी। इनमें से अधिकतर शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर उनका निस्तारण किया जाए। माता पिता की मृत्यु और सौतेली मां द्वारा छोड़ने के बाद अनाथ हुए रायवाला निवासी जुड़वा भाई बहन अक्षर और वैभव को पारिवारिक संरक्षण, संपत्ति एवं पिता की पेंशन में हक दिलाने का मामला जनता दरबार पहुंचा।

ग्राम प्रधान ने बताया कि माता पिता की मृत्यु के बाद सौतेली मां अपने पति की पेंशन और संपत्ति अपने नाम करके फरार है।

# दौड़ में ममता, रजनी, पूनम ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : अभ्युदय परिवार द्वारा उत्तराखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भावना वर्मा, विमला ड्यूडी ने किया। इस मौके पर आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में ममता नेगी, रजनी रावत, पूनम बौठियाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में अमिता जुयाल की टीम विजेता, चन्दा नेगी की टीम उपविजेता रही।

कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सीता देवी पहले, गुड्डी बिष्ट दूसरे, रंजनी रावत तीसरे स्थान पर रही। बसन्ती गड़िया, कल्पना जदली की टीम और सुबेदार मौहल्ले की महिलाओं द्वारा शानदार लोकगीत, लोकनृत्य प्रस्तुत किये गये। कालेश्वर रोड़ की सीता देवी और पुष्पा धस्माना ने हास्य कविता प्रस्तुत निर्णायक मंडल में रीमा रावत, पूनम कुकरेती, रुचि अग्रवाल, प्रभा गड़िया, भावना वर्मा शामिल रहे। की। इस मौके पर पुष्पा वर्मा, विपना जोशी, रेनू चौहान, चंदा नेगी, कविता बिष्ट, हेमलता, महेश्वरी, ममता, रेखा वर्मा, सोनिया गुप्ता, रिंकी वर्मा, आशा रावत, भूपा नेगी, पल्लवी, ममता रावत, सविता नेगी, हेमा बिष्ट, निर्मला रावत, रंजनी नेगी, गुड्डी बिष्ट, गीता बिष्ट, अमीता जुयाल, अनीता लोहनी, नीलू शाह, गीता वर्मा, ज्योति शाह, राजेश्वरी नेगी, सीता देवी, गोपी, पुष्पा आदि मौजूद थे।




## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पोस्ट ऑफिस रेलवे स्टेशन कोटद्वार की अभिकर्ता हूं। मेरा अधिकार पत्र संख्या (एजेंसी संख्या) 2461490200019/624 है, जिसकी वैधता तिथि 07/10/2025 से 07/10/2028 तक है। मेरा कार्ड संख्या IJP 0077791, IJP 0077792, IJP 0077793, IJP 0077794, IJP 0077795, IJP 0077796, IJP 0077797, IJP 0077798, IJP 0077799, IJP 0077800 कहीं खो गये है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले। मैंने उक्त कार्डों का कहीं भी प्रयोग नहीं किया है।

**पूर्णिमा बिष्ट पत्नी अमित बिष्ट निवासी ग्राम नाथूपुर, पोस्ट कुम्भीचौड़, पट्टी सनेह, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1508/21)


### एनडीपीएस एक्ट के वारंटी को सल्ट पुलिस ने काशीपुर से किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहे एक वारंटी को सल्ट पुलिस ने ऊधमसिंह नगर के काशीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर जनपद के सभी थाना प्रभारियों को न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों की शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह और क्षेत्राधिकारी रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने विशेष सत्र परीक्षण संख्या 4/25, अपराध संख्या 25/24, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित वारंटी सतेंद्र सिंह पुत्र उदल सिंह निवासी ग्राम और पोस्ट बुरहानपुर, अलीगंज, थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) को काशीपुर से गिरफ्तार किया। बताया गया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थान बदलता रहता था।

## एसएसपी देहरादून ने किया आईएमए कैडेट्स के साथ इंटरेक्शन

### –साइबर अपराधों के संबंध में दी जानकारी

देहरादून। सैन्य ऑपरेशन के दौरान सेना व पुलिस के मध्य आपसी सामंजस्य के महत्व को समझाने, साइबर अपराधों तथा पुलिस कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली के सम्बंध में जानकारी0 हेतु आज दिनाँक 10/11/2025 को भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षणाधीन 205 कैडेटों द्वारा पुलिस कार्यालय का भ्रमण किया गया गया।

भ्रमण के दौरान आईएमए कैडेट्स द्वारा एसएसपी देहरादून से शिष्टाचार भेंट की गई। एसएसपी देहरादून द्वारा सभी प्रशिक्षणाधीन कैडेटों के साथ चर्चा कर उन्हें आन्तरिक सुरक्षा के मामलों में आर्मी तथा पुलिस की भूमिका तथा उनके मध्य आपसी सामंजस्य के साथ काम करने के महत्वों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, साथ ही वर्तमान समय में साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे नये–नये तरीकों तथा आर्मी पर्सन के साथ किये जा रहे विभिन्न प्रकार के स्कैम के विषय में विस्तृत जानकारी देकर इससे बचाव के उपायों/तरीकों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

इस दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा किसी भी आकस्मिक स्थिती पर पुलिस सहायता हेतु पुलिस कंट्रोल रूम नम्बर 112 की महत्वता तथा कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियों से उपस्थित कैडेट्स को अवगत कराया गया।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता (तृतीय), ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड-पौड़ी

पत्रांक 67 /दो-लेखा/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 07/11/2025

### "अल्पकालीन निविदा सूचना"

उत्तराखण्ड राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न निर्माण कार्यों की मुहरबन्द निविदा अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड-पौड़ी द्वारा दिनांक 21.11.2025 के अपरान्ह 11.30 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग के प्रखण्ड-पौड़ी में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन इंगित निविदा अपराह्न 12:00 बजे को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय दिनांक 17.11.2025 से दिनांक 20.11.2025 को सांय 4.00 बजे तक प्रखण्ड-पौड़ी में किया जायेगा, किन्ही अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मुहरबन्द निविदा अगले कार्य दिवस को प्राप्त/खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ग्राम नौली बूंगा में क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन का मरम्मत कार्य। | कल्जीखाल | 3.90 | 12,000.00 | 500.00 +GST 18% | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी "ई"/ उच्च |
| 2 | विकासखण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ग्राम सिलेथ में क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन का मरम्मत कार्य। | कल्जीखाल | 2.90 | 9,000.00 | 500.00 +GST 18% | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी "ई"/उच्च |
| 3 | विकासखण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ग्राम गुठिन्डा में क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन का मरम्मत कार्य। | कल्जीखाल | 3.90 | 12,000.00 | 500.00 +GST 18% | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी "ई"/उच्च |
| 4 | विकासखण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ग्राम दिउसा में क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन का मरम्मत कार्य। | कल्जीखाल | 2.90 | 9,000.00 | 500.00 +GST 18% | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी "ई"/उच्च |
| 5 | विकासखण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ग्राम धारी में क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवन का मरम्मत कार्य। | कल्जीखाल | 2.40 | 9,000.00 | 500.00 +GST 18% | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण श्रेणी "ई"/उच्च |

**सहायक अभियन्ता (तृतीय),**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**उपखण्ड पौड़ी।**

(1400/80)


### अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा

बागेश्वर। तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में 72 शिकायतें दर्ज हुईं। इसमें पानी, बिजली, आपदा, शिक्षा, भूमि विवाद, सड़क, स्वास्थ्य, कृषि से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। जबकि शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रत्येक शिकायत के समयबद्ध निस्तारण के लिए टाइमलाइन निर्धारित की गई है।

# उत्तराखंड में बढ़ा चिकित्सा शिक्षा का दायरा

देहरादून। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ–साथ मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। साथ ही नये मेडिकल व नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के साथ ही एमबीबीएस व पीजी की सीटों में वृद्धि कर छात्र–छात्राओं को मेडिकल की पढ़ाई के अवसर प्रदान किये। इन संस्थानों में शिक्षण व प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिये समय–समय पर योग्य और अनुभवी संकाय सदस्यों की नियुक्ति कर फैकल्टी की कमी को दूर करने का प्रयास किया, साथ ही मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई, जिससे मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

दूर हुई फैकल्टी की कमीः राज्य सरकार ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण व्यवस्था को दुरूस्त करने के बड़े स्तर पर संकाय सदस्यों की नियुक्ति है। वर्ष 2025 में संकाय सदस्यों की कमी को पूर्ण करने के लिये 439 असिसटेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान हैं। इसके साथ ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में संविदा के आधार पर संकाय सदस्यों की भी नियुक्ति की जा रही है। इसके अलावा राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में 26 नर्सिंग टयूटरों की तैनाती कर दी गई है। इसके अलावा एक प्रोफेसर व 6 एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति भी कर दी गई है। जबकि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 1248 नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। जिससे सम्बद्ध अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हुई है।

हरिद्वार में शुरू हुआ मेडिकल कॉलेजः चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत हरिद्वार में स्थापित मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू कर दिया गया है। जो कि राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धि है। इस कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में 100 छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया गया। जबकि शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिये प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। कैथ लैब की मिली सुविधा : राज्य सरकार के प्रयासों से अब श्रीनगर व देहरादून में मेडिकल कॉलेजों में आधुनिक कैथ लैब की सुविधा आम लोगों की सुलभ की जा रही है। जिससे हृदय संबंधी बीमारियों के उन्नत उपचार की जा रहा है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com